धनबाद, बुधवार
20 जून 2018
धनबाद
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 22

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
झारखंड, बिहार, प. बंगाल, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित

## सिंगल जीएसटी रिटर्न के प्रावधान पर हो रहा विचार

बैंकमोड़ अशोक नगर में जीएसटी पर आयोजित कार्यशाला में मौजूद व्यवसायी • जागरण

**जागरण संवाददाता, धनबाद** : अशोक नगर स्थित ओजोन सेंटर में धनबाद सेंट्रल जीएसटी की ओर से मंगलवार को कार्यशाला का आयोजन हुआ। जीएसटी के प्रधान मुख्य आयुक्त शिव नारायण सिंह ने व्यापारियों की शिकायतें सुनीं। झारखंड, बिहार व उत्तर प्रदेश के प्रधान मुख्य आयुक्त शिव नारायण सिंह ने व्यापारियों को बताया कि इसे समझने में थोड़ी परेशानी जरूर आ रही है, लेकिन धीरे-धीरे इसका फायदा समझ में आ जाएगा। सरकार इसकी त्रुटियां दूर करने के प्रयास में लगी है। कहा कि जीएसटी में सिंगल रिटर्न प्रावधान पर भी सरकार विचार कर रही है।

अभी जीएसटी में तीन रिटर्न का प्रावधान है जिसमें जीएसटी आर वन एवं जीएसटी थ्री बी प्रचलन में है। सरकार सिंगल रिटर्न पर काम कर रही है जिसके बाद व्यापारियों को एक रिटर्न भरना होगा। कार्यशाला में व्यापारियों ने अपनी समस्या भी रखी। व्यापारियों ने वन नेशन वन टैक्स की तरह वन सिस्टम भी लागू करने की मांग की। उन्होंने बताया कि जीएसटी का अलग-अलग राज्यों में सर्विस वैल्यू अलग-अलग देना पड़ता है। कंपोजिशन में जनरल व डीलर कोड नंबर पता नहीं चलता है।

प्रधान मुख्य आयुक्त ने व्यापारियों की शिकायतें नोट करते हुए जीएसटी काउंसिल में बात रखने का आश्वासन दिया। जीएसटी धनबाद के संयुक्त आयुक्त पीबी मीणा ने प्रधान मुख्य आयुक्त का स्वागत किया। बैंकमोड़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सुरेंद्र अरोड़ा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।